श्री. डॅनियल बाबु पी.
Shri. Daniel Babu P.

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
Government of India

प्रमुख, जन जागरूकता
एवं मीडिया संपर्क प्रभाग
परमाणु उर्जा विभाग

Head, Public Awareness &
Media Interaction Division
Department of Atomic Energy

संदर्भ: 13(1)/2024/PA&MID

जून 12, 2024

प्रेस विज्ञप्ति सं. 7/2024

कैंसर देखभाल में परिवर्तन लाने के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा न्यूट्रास्युटिकल 'AKTOCYTE' को लॉन्च करना

परमाणु ऊर्जा विभाग ने मेसर्स आईडीआरएस लैब्स प्रा. लिमिटेड, बेंगलुरु के सहयोग से फूड सप्लीमेंट / न्यूट्रास्युटिकल AKTOCYTE को लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य रेडियोथेरेपी ले रहे कैंसर रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई; कैंसर उपचार, अनुसंधान एवं शिक्षा का प्रगत केंद्र, नवी मुंबई; टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई और मैसर्स आईडीआरएस लैब्स प्रा. लिमिटेड, बेंगलुरु के टैबलेट का उत्पादन करने की प्रक्रिया में शामिल वैज्ञानिक भी लॉन्च कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे।

AKTOCYTE को भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) से मंजूरी मिल गई है। AKTOCYTE टैबलेट का विकास परमाणु ऊर्जा विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा दशकों से किए गए अनुसंधान का परिणाम है। यह उत्पाद भारत में किफायती कैंसर देखभाल की दिशा में ऐतिहासिक योगदान देगा। अब AKTOCYTE टैबलेट बाजार में उपलब्ध हो जाएगी।

AKTOCYTE टैबलेट ने विशेष रूप से रेडियोथेरेपी द्वारा जनित दुष्प्रभावों से पीड़ित पेल्विक कैंसर के रोगियों में उल्लेखनीय परिणाम दिखाया है। AKTOCYTE टैबलेट से उपचारित मरीजों में रेडियोथेरेपी के कारण उत्पन्न विषाक्तता से उबरने में असाधारण लाभ प्रदर्शित हुआ है। कैंसर रेडियोथेरेपी, रिजनरेटिव न्यूट्रास्युटिकल, इम्युनोमोड्यूलेटर और एंटीऑक्सीडेंट के गुणवर्धक के रूप में डिज़ाइन की गई टैबलेट, कैंसर देखभाल में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए, बीएआरसी के निदेशक श्री विवेक भसीन ने परमाणु ऊर्जा विभाग के वैज्ञानिकों और मेसर्स आईडीआरएस द्वारा सफल व्यावसायीकरण के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। डॉ. अजित कुमार मोहान्ती, सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग ने देश की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में परमाणु ऊर्जा विभाग के अनवरत प्रयासों की सराहना करते हुए हर्ष व्यक्त किया कि यह उपलब्धि विभाग के अमृत जयंती वर्ष में अर्जित हो रही है।

डॅनियल बाबू पी

(डॅनियल बाबु पी.)

अणुशक्ति भवन, छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग, मुंबई, भारत – 400 001. • Anushakti Bhavan, Chhatrapati Shivaji Maharaj Marg, MUMBAI - 400 001. India
दूरभाषा /Telephone : 022-22862505, • ई–मेल Email : daniel.babu@dae.gov.in